संख्या–306 / सत्तर–1–2011–15(32) / 81

प्रेषक,

अवनीश कुमार अवस्थी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

वित्त अधिकारी / कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 24 मार्च, 2011

विषयः– राज्य विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को परीक्षा संबंधी कार्यों की पारिश्रमिक दरों का पुनरीक्षण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या–2526 / सत्तर–1–2004–15(32) / 81 दिनांक 14 जनवरी, 2005 एवं 1321 / सत्तर–1–2005–15(32) / 81 दिनांक 10 जून, 2005 के संदर्भ में सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय द्वारा सत्र 2010–11 की वार्षिक परीक्षाओं से उच्च शिक्षा विभाग के नियन्त्रणाधीन समस्त विश्वविद्यालयों में परीक्षा संबंधी कार्यों को सम्पादित करने हेतु संलग्नक में उल्लिखित मदों के समक्ष स्तम्भ–4 में अंकित पुनरीक्षित दरों के अनुसार पारिश्रमिक में वृद्धि किये जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते हैं कि पुनरीक्षित दरों के फलस्वरूप होने वाला व्यय–भार विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। इस कार्य हेतु भविष्य में भी कोई वित्तीय सहायता अनुमन्य नहीं होगी। उक्त शासनादेशों को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

2– शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

3– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–ई–11–710 / दस–2011 दिनांक 24 मार्च, 2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

(अवनीश कुमार अवस्थी)
सचिव।

राज्य विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को परीक्षा संबंधी कार्यों की पारिश्रमिक दरों का पुनरीक्षण।

शासनादेश संख्या–306/सत्तर–1–2011–15(32)/81 दिनांक 29 मार्च, 2011 का संलग्नक :–

क्रमांक	मद	वर्तमान दर (रूपये में)	पुनरीक्षित दर (रूपये में)
1	2	3	4
01–	परीक्षा केन्द्रों का पारिश्रमिक		
	(1) कक्ष निरीक्षक	60.00	90.00
	(2) सहायक केन्द्राध्यक्ष	65.00	100.00
	(3) केन्द्राध्यक्ष	70.00	105.00
02–	केन्द्र व्यय (सेन्टर चार्जेज)		
	(1) तृतीय एव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (प्रति परीक्षार्थी)	5.00	8.00
03–	प्रायोगिक परीक्षा		
	(1) प्रयोगशाला सहायक (प्रतिदिन)	15.00	23.00
	(2) प्रयोगशाला परिचर	10.00	15.00
04–	उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन		
	(1) स्नातक (प्रति पुस्तिका)	10.00	15.00
	(2) परास्नातक (प्रति पुस्तिका)	12.00	18.00
05–	प्रश्नपत्र बनाना		
	(1) स्नातक	400.00	600.00
	(2) परास्नातक	600.00	900.00
06–	उड़नदस्ते के सदस्यों का पारिश्रमिक		
	(1) प्रति सदस्य (प्रतिदिन आंतरिक)	60.00	90.00
	(2) प्रति सदस्य (प्रतिदिन बाहर जाने पर)	60.00 तथा वि0वि0 के नियमानुसार प्रासंगिक व्यय	90.00 तथा वि0वि0 के नियमानुसार प्रासंगिक व्यय
07–	पी0एच0डी0/डी0लिट0 की थिसिस पढ़ने व मौखिक परीक्षण		
	(1) पी0एच0डी0 (थिसिस पढ़ना)	500.00	750.00
	(2) पी0एच0डी0 (मौखिक परीक्षण)	400.00	600.00
	(3) डी0लिट0 (थिसिस पढ़ना)	700.00	1050.00
	(4) डी0लिट0 (थिसिस मौखिक परीक्षण)	500.00	750.00
08–	प्रायोगिक परीक्षा		
	(1) स्नातक/बी0एड0 (प्रतिछात्र) (न्यूनतम)	8.00 300.00	12.00 450.00
	(2) स्नातकोत्तर (प्रतिछात्र) (न्यूनतम)	12.00 400.00	18.00 600.00
09–	लघु शोध मूल्यांकन (प्रत्येक)	40.00	60.00

(अवनीश कुमार अवस्थी)
सचिव।

All University G.O.